# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# निर्माण खण्ड लो0नि0वि.,चम्बा टिहरी गढवाल।
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CONST.DIVISION,
P.W.D. CHAMBA (TEHRI GARHWAL) PIN- 249 145
Website-http://pwd.uk.gov.in E-Mail- eepwdchamba@rediffmail.com
I.D.-eicpwduk@nic.in E-Mail-sepwdtehri@rediffmail.com


पत्रांकः–2177/ 13एम.जी. दिनांक 01/09/2022

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
टिहरी वन प्रभाग
(टिहरी गढ़वाल)

विषयः– जनपद टिहरी गढ़वाल में विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत लालुरी कोटी महरों की मंजखेत मोटरमार्ग के मंजखेत से मोरीयाणा तक नव निर्माण कार्य 4.650 कि0 मी0 तक के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक 361 / 12–1 नई टिहरी दिनांक 16.08.2022।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि उक्त मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर लगायी गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण निम्नवत है :–

| क0 सं0 | आपत्तियों | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1 | रोजगार पैदा होने वाला कॉलम रिक्त है। रोजगार पैदा होने की सम्भावना एंव मान दिवस अंकित किये जायें। | अंकित कर दिया गया है। |
| 2 | प्रारूप 6/संयुक्त निरिक्षण रिपोर्ट में वन एंव राजस्व भूमि प्रस्तावित होना उल्लिखित है, जबकि भाग–01 में आरक्षित वन भूमि एंव नाप भूमि प्रभावित होना अंकित है। स्थिति स्पष्ट करे। | संशोधन कर दिया गया है। |
| 3 | प्रारूप 6 / प्रारम्भिक संयुक्त निरिक्षण रिपोर्ट एंव प्रारूप–11 / वन भूमि की मांग का औचित्य में बांज एंव बुरांश वृक्षों की संख्या में भिन्नता है। | संशोधन कर दिया गया है। तथा प्रारूप 22 को भी ठीक कर दिया गया है। |
| 4 | परियोजना निर्माण में प्रभावित होने वाली नाप भूमि का लैण्ड शेडयूल प्रस्ताव में संलग्न है। जिसके अनुसार भाग–1 में प्रभावित होने वाली भूमि में भिन्नता है। इसके अतिरिक्त बार चार्ट को भी तदनुसार परीक्षण करायें। | संशोधन कर दिया गया है। |
| 5 | परियोजना निर्माण से प्रभावित होने वाले वृक्षों की सूची में आरक्षित एंव सिविल भूमि उल्लेखित है, जबकि भाग–1 के अनुसार सिविल सोयम भूमि प्रभावित नही होगी। | संशोधन कर दिया गया है। |
| 6 | उपखण्ड स्तरीय समिति में पत्रांक एंव दिनांक अपेक्षित है। | पत्रांक एंव दिनांक अंकित कर दी गयी है। |
| 7 | ग्राम स्तरीय समिति के अभिलेख ग्रामीणों की सहमति सहित प्रस्ताव में संलग्न किया जाना अपेक्षित है। | संलग्न कर दिया गया है। |

अतः उपरोक्त मार्ग का वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव 1 प्रति मूल तथा 3 छायाप्रतियों में संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्न :– प्रस्ताव की 1 प्रति मूल एंव 3 छायाप्रतियां (कुल 4 प्रतियां)

1/09/22

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 चम्बा

पत्रांकः– / 13एम.जी. तददिनांक

प्रतिलिपिः– सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 चम्बा को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपिः– खण्डीय अमीन, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 चम्बा को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता

टिहरी वन प्रभाग
दिनांक 2/9/22
नई टिहरी (टिहरी गढ़वाल)